हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 दामाद और ससुर ने न्यायालय परिसर को ...



07 अवर्षा से किसानों की उभरने लगी पीड़ा, पानी...



खबर संक्षेप



केन्द्रीय जेल सागर में मनाई गई बलराम जयंती

सागर। केन्द्रीय जेल सागर में बलराम जयंती के पावन अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित जगदीश तिवारी द्वारा भगवान बलराम जी के जीवन, चरित्र आदर्शों एवं उनके व्यक्तित्व से संबंधित प्रेरणादायी कथा का वाचन किया गया। उपस्थित बंदियों द्वारा श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया गया एवं कथा के उपरांत बंदियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान बलराम जी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। साथ ही बंदियों की भजन मंडलियों द्वारा भगवान बलराम जी के जीवन एवं महिमा पर आधारित विभिन्न भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में जेल अधीक्षक महोदय, जेलर महोदया सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान बंदियों में विशेष उत्साह, श्रद्धा एवं हर्ष का वातावरण बना रहा। बलराम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बंदियों को धार्मिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने तथा सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

संत रविदास पार्क में गूंजा समरसता का संदेश, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

संत रविदास का संदेश समाज को जोड़ने वाला, उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने की जरूरत : अविराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत संत रविदास पार्क खुरई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश समाज को जोड़ने वाला है, उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने की जरूरत है। अविराज सिंह ने कहा कि संत रविदास जी ने जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। 650वीं जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वाराणसी की पवित्र मिट्टी को 131 कलशों में भरकर देश के मंदिरों और बस्तियों तक पहुंचाने का उद्देश्य लोगों को संत रविदास जी की विरासत से जोड़ना है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है।



स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, बल्कि मन और कर्मों की निर्मलता है।

संत रविदास जी ने ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न की कल्पना की थी। उन्होंने श्रम को सम्मान दिया और कहा - करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की न तजियो आस।

खुरई में हुए विकास कार्यों का उल्लेख

अविराज सिंह ने बताया कि खुरई विधानसभा में सामाजिक समरसता के लिए कई कार्य हुए हैं। खुरई में 569 लाख की लागत से डॉ. अंबेडकर म्यूजियम, शोध पीठ और कम्युनिटी हॉल, 130 लाख से संत रविदास पार्क और प्रतिमा, मालथौन में 194 लाख से 50 बिस्तर का जगजीवनराम कन्या छात्रावास, 112 लाख से अंबेडकर सामुदायिक भवन और 100 लाख से अंबेडकर पार्क का निर्माण कराया गया है उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 12,200 से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं। सामाजिक भागीदारी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मालथौन की बेटी नन्हीबाई अहिरवार का नगर पालिका अध्यक्ष बनना समाज के लिए गौरव है।

बारिश में भी निकली कलश वंदन यात्रा

तृतीय दिवस की कलश वंदन यात्रा अत्यधिक बारिश के बावजूद बनहट, नरोदा, भीलोन, करैयागूजर सहित विभिन्न ग्रामों से होते हुए संत रविदास पार्क पहुंची, जहां आमसभा हुई। इसके बाद यात्रा शहर के विभिन्न मंदिरों और चौराहों से होते हुए विधायक कार्यालय तक पहुंची।



रुद्राक्ष धाम मंदिर में जन्माष्टमी पर केशवम बैंड दिल्ली का भजन क्लबिंग कार्यक्रम

सागर। भगवान वासुदेव श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के पुण्य पर्व जन्माष्टमी (4 सितंबर, शुक्रवार) को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थित श्री राधाकृष्ण जी मंदिर एवं श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा सांस्कृतिक भजन क्लबिंग का आयोजन किया गया है। जन्माष्टमी पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में प्रातः 9 बजे राधे-राधे मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ होगा। इसके साथ ही श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी भजनों का कार्यक्रम होगा। शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा प्रस्तुत भजन क्लबिंग कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार करेंगे। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों को दौरान इंस्पिरेशन अकादमी द्वारा श्री राधाकृष्ण जी की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जन्माष्टमी आयोजन हेतु रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से सजावट की गई है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर आयोजित भजन संध्या तथा दिन भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित किया है।

वार्डों में पहुंचे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

देवरी। नगर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और वार्डों में व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने नगर के लक्ष्मी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नागरिक सुविधाओं का मौके पर जायजा लिया और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्डों में पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। नागरिकों द्वारा स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी गईं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने कहा कि नगर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वार्डों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था सामने आने पर तत्काल उसका निराकरण किया जाए तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। निरीक्षण के दौरान सब इंजीनियर सुनील खेमरिया, पार्षद काशीराम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश चौरसिया एवं नारायण वाल्मीकि सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के इस औचक निरीक्षण से नगर पालिका की व्यवस्थाओं को लेकर मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ने के साथ ही नागरिकों में भी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की उम्मीद जगी है।



विश्वविद्यालय : व्यवसाय प्रबंधन विभाग की शोधार्थी आकृति श्रीवास्तव को मिली पीएचडी की उपाधि



सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की शोधार्थी सुश्री आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है उनका शोध प्रबंध "भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का एक अध्ययनः मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में" विषय पर था । उन्होंने अपना शोध कार्य विभाग की सहायक आचार्य बबीता यादव क़े मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनका यह अध्ययन भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का विश्लेषण करता है, जिसमें निवेश प्राथमिकताओं, निवेश व्यवहार को प्रभावित करने वाले जनसांख्यिकीय, तकनीकी एवं अभिवृत्तिगत कारकों का अध्ययन किया गया है। मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में किया गया यह शोध निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की पहचान करते हुए बेहतर वित्तीय नियोजन एवं निवेश जागरूकता हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत करता है। विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस ठाकुर एवं विभाग के समस्त शिक्षक सहित सहपाठियों ने उनको शुभकामना दी ।



उचित मूल्य दुकान संचालकों पर एफआईआर के आदेश, गेहूं वितरण में मिली अनियमितताएं

गरीबों के निवाले में हेराफेरी: कलेक्टर का बड़ा हमला, सात पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

लगातार मिल रही थीं खाद्यान्न में गड़बड़ी की शिकायतें

गरीब और पात्र हितग्राहियों के हक के खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की हेराफेरी करने वालों के खिलाफ टीकमगढ़ प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले गेहूं के वितरण में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने जिले की शासकीय उचित मूल्य कि 7 दुकानों के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय के इस सख्त कदम के बाद जिलेभर के उचित मूल्य दुकान संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन की इस कार्रवाई को गरीबों के हक के राशन की कालाबाजारी और वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी स्तर पर अनियमितता, खाद्यान्न में हेराफेरी अथवा पात्र हितग्राहियों के अधिकार का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बताया कि जिले की विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों में गरीब एवं पात्र हितग्राहियों के लिए आवंटित गेहूं के वितरण में गड़बड़ी और हेराफेरी के आरोप लगाए गए थे। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने संबंधित दुकानों की जांच कराई। जांच के दौरान दुकानों के खाद्यान्न वितरण से संबंधित रिकॉर्ड, उपलब्ध स्टॉक और वितरण व्यवस्था का परीक्षण किया गया। जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक खाद्यान्न स्टॉक से संबंधित अनियमितताएं सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने संबंधित दुकान संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब संबंधित थानों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कराया जाएगा।

अब एफआईआर के बाद होगी आगे की कार्रवाई

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश के बाद संबंधित थानों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर के बाद पुलिस स्तर पर मामले की जांच और संबंधित दस्तावेजों एवं तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से यह तो साफ है कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर अब निगरानी और सख्ती दोनों बढ़ाई जा रही हैं। गरीबों के हक के राशन में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का यह कदम आने वाले समय में अन्य उचित मूल्य दुकानों की जांच के लिए भी आधार बन सकता है। कलेक्टर की कार्रवाई के बाद अब राशन दुकानदारों में अपने रिकॉर्ड और स्टॉक को लेकर भी सतर्कता बढ़ने की उम्मीद है।

उचित मूल्य की 7 दुकान संचालकों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा की गई कार्रवाई की जद में जिले की सात उचित मूल्य दुकानें शामिल हैं। इनमें छिपरी की जिला थोक उपभोक्ता भंडार संचालक जितेंद्र अहिरवार, बिजरावन दुकान के संचालक उत्तम अहिरवार, बजीतपुर की दुर्गेश नंदिनी ईंधन आपूर्ति सहकारी समिति के संचालक बैजनाथ अहिरवार, बड़ागांव की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति की संचालक ज्योति यादव, सुरजपुर की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बनेरा के संचालक लक्ष्मण लोधी एवं जगन्नाथ लोधी, भेलसी की रामलला नागरिक सहकारी समिति मर्यादित के संचालक चंद्रप्रकाश सुड़ैले तथा अजनौर की महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मझार के संचालक अरविंद सिंह लोधी के नाम शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार संबंधित दुकानों के रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक की जांच के दौरान खाद्यान्न वितरण में अनियमितताएं पाई गईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अब इन मामलों में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

रिकॉर्ड और स्टॉक की जांच ने खोली गड़बड़ी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए उचित मूल्य दुकानों को गेहूं सहित अन्य खाद्यान्न आवंटित किया जाता है। ऐसे में खाद्यान्न के स्टॉक और वितरण रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार का अंतर गंभीर अनियमितता माना जाता है। प्रशासन की जांच में संबंधित दुकानों के रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध वास्तविक स्टॉक का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के बाद कलेक्टर ने केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित न रहते हुए कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इससे यह संदेश भी गया है कि राशन वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाएगा।

कलेक्टर की सख्ती से राशन माफिया में खलबली

गरीबों के हक के खाद्यान्न में हेराफेरी के मामलों में एक साथ सात दुकानों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश ने जिले की राशन वितरण व्यवस्था से जुड़े लोगों में खलबली मचा दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से उन लोगों के लिए भी स्पष्ट संदेश है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने का प्रयास करते हैं। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने साफ किया है कि गरीब एवं पात्र हितग्राहियों के हिस्से का खाद्यान्न किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी दुकान पर खाद्यान्न वितरण में अनियमितता, स्टॉक में गड़बड़ी या हितग्राहियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिवार न्यायालय में सुनवाई के बाद बढ़ा विवाद, हाथापाई का वीडियो वायरल

दामाद और ससुर ने न्यायालय परिसर को बनाया अखाड़ा, जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिला न्यायालय परिसर में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पारिवारिक विवाद को लेकर परिवार न्यायालय पहुंचे पति और उसके ससुराल पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट की इस घटना में दामाद के कपड़े तक फट गए। न्यायालय परिसर में हुई मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसका मामला परिवार न्यायालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। इसी मामले की सुनवाई के लिए दोनों पक्ष न्यायालय परिसर पहुंचे थे। आरोप है कि सुनवाई के बाद पति अपनी पत्नी को अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। इसी बात का महिला के पिता और भाई ने विरोध किया और उसे रोकने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे से धक्का-मुक्की और मारपीट करने लगे। घटनाक्रम के दौरान दामाद के कपड़े भी फट गए। न्यायालय परिसर में अचानक हुए इस विवाद से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि मारपीट के दौरान कई लोग दोनों पक्षों को अलग कराने के बजाय अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाते नजर आए। किसी व्यक्ति द्वारा बनाया गया वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में न्यायालय परिसर के भीतर दोनों पक्षों के बीच हो रही धक्का-मुक्की और मारपीट दिखाई दे रही है। पारिवारिक विवाद का मामला जब न्यायालय तक पहुंच चुका था, ऐसे में न्यायालय परिसर में ही दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक रूप से मारपीट होने की घटना ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और वहां मौजूद निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। न्यायालय परिसर को विवादों के समाधान और न्याय पाने का स्थान माना जाता है, लेकिन यहां इस तरह खुलेआम हाथापाई होना गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। फिलहाल घटना को लेकर किसी पक्ष द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है या नहीं, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, वायरल वीडियो सामने आने के बाद घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस शिकायत और जांच के बाद ही मारपीट की घटना के वास्तविक कारणों तथा इसमें शामिल लोगों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

टीकमगढ़। टीकमगढ़-सागर हाईवे पर बुधवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बड़ागांव थाना क्षेत्र में लव कुश ढाबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चालीराम आदिवासी का एक हाथ कटकर अलग हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय चालीराम आदिवासी, निवासी सोजना गांव, जिला ललितपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बताया गया कि चालीराम छतरपुर जिले के भगवा थाना क्षेत्र के एक गांव में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह बुधवार देर रात अपने एक साथी के साथ बाइक से सोजना गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बड़ागांव थाना क्षेत्र में लव कुश ढाबे के पास पीछे से अथवा सामने से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालीराम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक हाथ शरीर से अलग हो गया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक दुर्घटना के बाद बिना रुके अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मृतक के साथ बाइक पर मौजूद साथी बुरी तरह घबरा गया। थाना प्रभारी जयेंद्र गोयल के अनुसार हादसे के बाद वह घबराकर अपने गांव सोजना चला गया था। बाद में उसने मृतक के परिजनों के साथ बड़ागांव थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद बड़ागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

भाजपा मंडल कामकाजी बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



भारतीय जनता पार्टी मंडल पलेरा की मासिक कामकाजी बैठक गुरुवार को नगर के विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार भी रखे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रियता के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित है और प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। नियमित बैठकों के माध्यम से संगठन की गतिविधियों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को गति मिलती है। बैठक के दौरान पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ। साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने और आमजन के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के साथ राजेश नायक, अवध नापित, मुकेश तिवारी, गुलाब आदिवासी, मुकेश यादव, हरिशंकर चौरसिया, सुरेंद्र त्रिपाठी, अयोध्या चढ़ार, रहीश पाल, तेज खान, रामस्वरूप स्नेही, प्रभुदयाल रैकवार, अरविंद पटेरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जैन मंदिर में चोरी ने पुनः खोली पुलिस की रात्रि गश्त की पोल

दो नकाबपोश बदमाश दान पेटी उठाकर फरार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और रात में पुलिस की सक्रिय गश्त के दावों के बीच एक बार फिर मंदिर को निशाना बनाकर की गई चोरी की घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मऊचुंगी रोड स्थित श्रीजी कॉलोनी के नए जैन मंदिर में बुधवार देर रात दो नकाबपोश बदमाश घुसे और मंदिर में रखी दान पेटी उठाकर फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। गुरुवार सुबह जब मंदिर पहुंचे लोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तब घटना का खुलासा हुआ।

शहर में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आने के बीच मंदिरों को बार-बार निशाना बनाया जाना पुलिस के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। एक ओर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त और पुलिस की सक्रियता के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर चोर बेखौफ होकर रात के अंधेरे में धार्मिक स्थलों तक पहुंचकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या चोर पुलिस की निगरानी व्यवस्था से एक कदम आगे चल रहे हैं या फिर पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था में कहीं न कहीं ऐसी खामियां हैं, जिनका फायदा उठाकर बदमाश लगातार वारदात कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मऊचुंगी रोड स्थित श्रीजी कॉलोनी के जैन मंदिर में बुधवार रात दो अज्ञात नकाबपोश युवक दाखिल हुए। दोनों बदमाशों ने मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि बदमाश दान पेटी को उठाकर अपने साथ ले गए और मौके से फरार हो गए। रात में हुई इस वारदात की भनक आसपास के लोगों को भी नहीं लगी। जैन समाज के लोगों के मुताबिक चोरी गई दान पेटी की कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं, दान पेटी में पिछले करीब तीन महीने से जमा राशि रखी होने के कारण उसमें 50 हजार रुपये से अधिक नकदी होने की संभावना जताई जा रही है। गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचे जैन समाज के लोगों को दान पेटी गायब मिली। इसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। फुटेज में दो नकाबपोश युवक मंदिर में प्रवेश करते और दान पेटी लेकर जाते दिखाई दिए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग माना जा रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस दोनों संदिग्धों की पहचान करने और उनके आने-जाने के रास्ते का पता लगाने में जुटी है। शहर में धार्मिक स्थलों को चोरों द्वारा लगातार निशाना बनाए जाने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी दान राशि और अन्य सामान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ताजा घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त के दावों को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही जैन समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। समाजजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात की जांच के लिए डॉग स्क्वॉड की मदद ली जा रही है।

आचार संहिता: शहर से हटने लगे राजनीतिक पोस्टर-बैनर

पंचायत उप निर्वाचन को लेकर संपत्ति विरूपण पर कार्रवाई तेज, दीवारों पर लिखे प्रचार संदेशों पर हुई पुताई

टीकमगढ़। पंचायत चुनाव और नगर पालिका अध्यक्ष के उप निर्वाचन को लेकर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही प्रशासन ने चुनावी नियमों का कड़ाई से पालन कराने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। आचार संहिता लागू होते ही शहर में पहले से लगे राजनीतिक पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और दीवारों पर किए गए प्रचार-प्रसार को हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया। गुरुवार को जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर लगी राजनीतिक प्रचार सामग्री हटाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष के उप निर्वाचन को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में प्रशासन ने संपत्ति विरूपण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर चल रही कार्रवाई का जायजा लिया। अधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों सहित अन्य जगहों पर लगाए गए राजनीतिक पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग हटाए। जिला प्रशासन की कार्रवाई केवल पोस्टर-बैनर हटाने तक सीमित नहीं रही। शहर में कई स्थानों पर दीवारों पर किए गए राजनीतिक प्रचार-प्रसार लेखन को भी पुताई कराकर हटाया गया। सार्वजनिक संपत्तियों को चुनावी प्रचार से मुक्त करने के लिए कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर राजनीतिक स्लोगन एवं अन्य प्रचार सामग्री को ढकने का काम किया। अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी को नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार संपत्ति विरूपण के खिलाफ कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। सार्वजनिक स्थलों पर किसी एक दल अथवा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार सामग्री दिखाई देने से चुनावी वातावरण प्रभावित न हो, इसके लिए आचार संहिता के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।



सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचा भाईचारे और मानवता का संदेश

संत रविदास ने दिया समाज को जोडने का संदेश: हरिशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा





संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा में जतारा विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक मुख्य रूप से शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य संत रविदास जी महाराज के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। यात्रा के गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का वातावरण दिखाई दिया। विधायक हरिशंकर खटीक ने बताया कि सद्गुरु संत श्री रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कलश वंदन यात्रा का आयोजन विभिन्न ग्रामों में किया गया। यात्रा रतवास, मबई, बराना, कुड़याला, सिमरा, दिनऊ एवं खरगपुरा पहुंची। प्रत्येक गांव में ग्रामीणों ने श्रद्धाभाव के साथ यात्रा का स्वागत किया और बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें सहभागिता की। यात्रा के दौरान संत रविदास जी महाराज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को उनके जीवन, संघर्ष और समाज में समानता स्थापित करने के लिए दिए गए विचारों से अवगत कराया गया। यात्रा में शामिल लोगों ने संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

समानता व समरसता को मजबूत करना उद्देश्य

विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देशभर में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत निकाली जा रही कलश वंदन यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, समानता, अखंडता और भाईचारे के संकल्प को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने अपने विचारों और जीवन के माध्यम से समाज को मानवता, समानता और सद्भाव का रास्ता दिखाया। उनके विचार किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज को जोड़ने की प्रेरणा देते हैं। आज के समय में जब समाज को आपसी सद्भाव और एकता की आवश्यकता है, ऐसे में संत रविदास जी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं।

जात-पात के भेदभाव से ऊपर उठने का संदेश

विधायक हरिशंकर ने कहा कि संत रविदास जी महाराज का चिंतन समाज में व्याप्त जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर समानता और सामाजिक समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देता है। समरसता संकल्प अभियान इसी विचार को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचारों में ऐसा समाज बनाने की कल्पना है, जहां किसी व्यक्ति के साथ जाति, वर्ग अथवा सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो। उनके विचारों को केवल आयोजनों तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।

गांव-गांव हुआ यात्रा का स्वागत

कलश वंदन यात्रा के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। जगह-जगह लोगों ने संत रविदास जी महाराज के विचारों का स्मरण किया और यात्रा में शामिल होकर सामाजिक समरसता का संदेश आगे बढ़ाया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक हरीशंकर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल संत रविदास जी महाराज की जयंती मनाना नहीं, बल्कि उनके विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाकर उन्हें व्यवहार में उतारना है। समाज में प्रेम, भाईचारा, समानता और सद्भाव की भावना को मजबूत करना ही इस अभियान की मूल भावना है।

समरस समाज के निर्माण का लिया संकल्प

यात्रा में शामिल लोगों ने संत रविदास जी महाराज के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समानता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक हरिशंकर ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश आज भी समाज को जोड़ने और मानवता को मजबूत करने की दिशा में प्रेरणा देता है। कलश वंदन यात्रा में विधायक हरिशंकर खटीक के साथ भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

चंबल नहर में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान

अवर्षा से किसानों की उभरने लगी पीड़ा, पानी को लेकर धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मौसम की मार और शासन प्रशासन की बेरुखी से परेशान किसानों के सब्र का बांध गुरुवार को तब टूटता दिखा जब सैकड़ो की संख्या में किसानों ने बड़ौदा क्षेत्र में चंबल नहर के पास अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों की मांग है कि चंबल नहर में पानी की मात्रा बढ़ाई जाए कम मात्रा में पानी छोड़े जाने से टेल पोर्सन तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है। किसान नेता राधेश्याम मूंडला के नेतृत्व में दिए जा रहे धरने के पहले दिन अधिकारियो ने धरना समाप्त कराने के लिए भरसक प्रयास किए लेकिन किसानों ने स्पष्ट बोल दिया है कि जब तक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जायेगा, तब तक धरना खत्म नहीं होगा।

किसानों के साथ धरने पर बैठे किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने बताया कि पूर्व में किसानों द्वारा किए गए आंदोलन के परिणामस्वरूप खरीफ की फसल, विशेषकर धान की सिंचाई के लिए कोटा बैराज से चंबल मुख्य दाहिनी नहर में पानी छोड़ा गया था। लेकिन विगत कुछ दिनों से गांधी सागर बांध एवं कोटा बैराज से चंबल मुख्य दाहिनी नहर में पानी का प्रवाह बंद कर दिया गया है। इसके कारण चंबल कमांड एरिया के किसानों की प्रमुख खरीफ फसल धान संकट की स्थिति में पहुंच गई है। वर्तमान समय में धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी की बेहद आवश्यकता है। इस वर्ष जिले में अब तक औसत से कम वर्षा हुई है तथा बिजली व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में चंबल कमांड एरिया के किसानों के लिए चंबल नहर का पानी अत्यंत आवश्यक है। अवर्षा की स्थिति में किसानों को बर्बाद होने से बचाने के लिए चंबल नहर में पानी छोड़े जाना ही एक मात्र उपाए है अगर पानी नहीं छोड़ा तो बर्बाद हो चुके किसान आत्महत्या करने जैसा निर्णय भी ले सकता है जैसा पहले लिया जा चुका है। ऐसी अनहोनी बर्बादी से किसान को बचाने के लिए नहर में पानी छोड़े जाने तक धरना जारी रहेगा।



अधिकारी बोले मांग पत्र भेजा है

धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ौदा तहसीलदार सुरेश राठौर एवं जल संसाधन विभाग के एसडीओ शिवम अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। इस दौरान अधिकारियो ने किसानों को बताया कि कलेक्टर शीला दाहिमा के माध्यम से जल संसाधन विभाग ने चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने हेतु पत्र लिख दिया है लेकिन किसानों ने अधिकारियों को बता दिया कि जब तक चंबल मुख्य दाहिनी नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने कहा कि उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि नहर में पानी चाहिए।

नहर में पानी नहीं छोड़ा तो करेंगे हाईवे जाम

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला और किसानों ने धरने पर आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराने आए अधिकारियो स्पष्ट शब्दों में बता दिया कि चंबल मुख्य दाहिनी नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता, तब तक किसानों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। साथ ही इस बात को भी शासन-प्रशासन पल्ले बांध लें कि किसानों का यह प्रदर्शन न तो नहर तक सीमित रहेगा न शांतिपूर्ण बना रहेगा। अगर किसानों की मांगो को नजरअंदाज किया गया तो प्रदर्शन उग्र करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर बारां-श्योपुर इंटर स्टेट हाईवे को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा।

भाजपा कार्यालय पर नपाध्यक्ष ने सुनीं शिकायतें,त्वरित समाधान के दिए निर्देश

परस्पर संवाद जनसमस्याओं के समाधान का मूलमंत्र : रेनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

परस्पर संवाद जनसमस्याओं के समाधान का मूलमंत्र है इसलिए लगातार जनसंवाद करते रहें। यह बात गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर नगर मंडल श्योपुर द्वारा भाजपा सहयोग सेल के माध्यम से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 01 से 23 तक के नागरिकों, व्यापारियों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओ के निराकरण शिविर में पहुंची नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओ को समझाइश देते हुए कही। इस दौरान मिली समस्याओ का मोके पर ही निराकरण करने के निर्देश सीएमओ नरेन्द्र जाटव को दिए।

भाजपा नगर मंडल द्वारा भाजपा सहयोग सेल के माध्यम से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 01 से 23 तक के नागरिकों, व्यापारियों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी गईं। नगर पालिका परिषद श्योपुर की अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण एवं नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ,जिला महामंत्री संजय अकोदिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग सहित नगर पालिका के सीएमओ एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे जनसंवाद में सीसी रोड, पेयजल, नल-जल, नालियों की सफाई एवं जल निकासी, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, पेंशन, आवास सहित नगर पालिका से जुड़े विभिन्न विषय सामने आए। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने इस पहल को संगठन की सबसे प्रभावी जनसेवा पहलों में से एक बताते हुए कहा कि जनसंवाद के माध्यम से नगरवासियों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।





दुकानदारों ने लगाए भाजपा जिंदाबाद के नारे

शिविर में नगरपालिका के वो दुकानदार भी पहुंचे जिनका किराया हाल ही में परिषद की बैठक में हुए निर्णय के तहत बढ़ाने का फैसला किया गया है। दुकानों का किराया कई गुना बढ़ जाने से दुकानदार परेशान होकर विरोध कर रहे हैं हालांकि पूर्व में किए गए विरोध का नपा पर खास असर नहीं पड़ा लेकिन इस बार भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण की पहल पर नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने आश्वासन दिया कि किराया वृद्धि पर दुकानदारों की राय ली जाएगी, मनमाना किराया नहीं थोपा जाएगा। इस आश्वासन पर दुकानदारों ने भाजपा जिला अध्यक्ष और नपाध्यक्ष सहित भाजपा जिंदाबाद के नारे जमकर लगा दिए।

गैस वितरण वाहनों में गूंजेगा भाई आया रे गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल शुरू की है। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जारी आदेशानुसार अब जिले के सभी गैस वितरण वाहनों में एक विशेष जागरूकता गीत का प्रसारण किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं निजी पेट्रोलियम कंपनियों (एल.पी.जी) के सेल्स ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि वे गैस वितरण करने वाले वाहनों में भाई आया रे गैस सिलेंडर नामक जागरूकता गीत का अनिवार्य रूप से प्रसारण करें। यह विशेष गीत ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया है। इस गीत के माध्यम से उपभोक्ताओं को एल.पी.जी. सिलेंडर लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में संगीतमय तरीके से शिक्षित किया जाएगा। गीत में मुख्य रूप से निम्नलिखित जानकारियां शामिल हैं। जैसे सुरक्षित उपयोग - एल.पी.जी. गैस को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने के तरीके। महत्वपूर्ण जांच - सिलेंडर प्राप्त करते समय उसकी सील और वजन की जांच करने की सलाह। सुरक्षा मानक - दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन। उधर प्रशासन की ओर से सभी (एल.पी.जी) पेट्रोलियम कंपनियों को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने और की गई कार्रवाई से जिला कार्यालय को अवगत कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

गुमशुदा की दस्तयाबी के लिए 1 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए थाना वीरपुर के अपराध क्रमांक 69/26 धारा 140(3) बीएनएस में गुमशुदा/अपहता नेन्शी पुत्री बृजमोहन श्रीवास उम्र 22 साल निवासी ग्राम घूघस की दस्तयाबी एवं संदेही कृष्णा गौर पुत्र सुधीर उर्फ बंटी गौर उम्र 21 साल निवासी ग्राम गढी के संबंध में सटीक सूचना देने वाले को एक हजार रूपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

गांधीनगर का निकला बस स्टैंड में बेहोश मिला बालक

श्योपुर। शहर के बस स्टैंड में गुरूवार को साइकिल चलाते समय बेहोश होकर गिरा बालक शहर के गांधीनगर क्षेत्र का निवासी निकला। जिसे पुलिस की मदद से उसके परिवारजनो के सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया है कि गांधीनगर निवासी 10 वर्षीय बालक देव पवैया गुरूवार को बस स्टैंड क्षेत्र में साइकिल चलाते समय अचानक तबीयत बिगड जाने के कारण बेहोश होकर गिर गया। जिसे वहां मौजूद लोगो ने तत्काल जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया और इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने बालक के परिजनो को पता करके उन्हें अस्पताल बुलाकर बालक को इलाज उपलब्ध कराने के बाद उनके सुपुर्द कर दिया।

करंट से युवक की मौत

श्योपुर। कराहल थाना क्षेत्र के गांव खिरखिरी में एक युवक की बिजली का करंट लग जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है और पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कराहल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खिरखिरी निवासी प्रदीप आदिवासी 19 वर्ष पुत्र दोजू आदिवासी बुधवार को जब कन्हैया धाकड के खेत पर कोई काम कर रहा था,तभी उसे बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से प्रदीप आदिवासी की मौत हो गई।हालांकि आसपास के लोग उसे तत्काल कराहल अस्पताल भी लेकर पहुंचे,मगर अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जेसीआई सप्ताह का आयोजन 9 से, पत्रिका का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जेसीआई द्वारा 9 सितंबर से 15 सितंबर तक जेसी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की पत्रिका का गुरूवार को विमोचन किया गया। इस दौरान जेसीआई के द्वारा प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई। जेसी सप्ताह चेयरमेन रोहित शर्मा घी वाले ने प्रेसवार्ता के दौरान जेसी सप्ताह के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि जेसी सप्ताह का शुभारंभ 9 सितंबर को श्रीनाथ पैलेस में आयोजित होगा। सप्ताह के पहले दिन स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 10 सितंबर को कॉलेज श्योपुर में युवा संवाद तथा रात्रि 8 बजे से आमना सामना श्रीनाथ पैलेस में आयोजित होगा। 11 सितंबर को रात्रि 8 बजे से डांस टेलेन्ट प्रतियोगिता, 12 सितंबर को मिट्टी के गणेश बनाओ, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा देश रंगीला कार्यक्रम रात्रिकालीन समय में आयोजित किया जाएगा। 13 सितंबर को मैराथन दौड़, राधाकृष्ण की जोडी, अनाज से आकृति बनाओ, स्टार नाइट सिंगिग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्योपुर के उभरते कलाकारो को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। 14 सितंबर को पहली बार बेस्ट कपल आफ श्योपुर आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्योपुर की सबसे सुंदर पति पत्नी की जोडी का चयन किया जाएगा।15 सितंबर को एक शाम जेसी परिवार के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जेसीआई वीक कोऑर्डिनेटर गौरव अग्रवाल, जेसीआई पूर्व अध्यक्ष दीपक मंगल, अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव राहुल गुप्ता, जेसी नितीश गुप्ता, अनीस जैन,जेसी नरेंद्र मुद्गल, जेसी राजू गोयनार, जेसी एवं जेसी दीपक मित्तल सहित अन्य कई संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

सभी स्कूलों में एक दिन पहले समारोहपूर्वक मनी कृष्ण जन्माष्टमी

मुंबसारा परवेज को बेष्ट राधा और प्रांजल शर्मा बेष्ट कृष्ण का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार सभी शासकीय स्कूलों में जन्माष्टमी पर्व एक दिन पहले समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इसी क्रम में सीएम राइज स्कूल श्योपुर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में मुस्लिम छात्रा मुंबसारा परवेज ने बेष्ट राधा और प्रांजल शर्मा ने बेष्ट कृष्ण का अवार्ड जीता। इस दौरान नृत्य और दूसरी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।

गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के उत्कृष्ट स्कूल, सांदीपनि कन्या उमावि, श्री हजारेश्वर स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय सहित एनएमएस उर्दू गांधी, मिडिल स्कूल क्र 01 सहित शहर के लगभग सभी स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य प्रतियोगिता बेस्ट कृष्ण और बेस्ट राधा बनने की आयोजित कराई गई जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों को कृष्ण और राधा बनाकर सजा धजाकर स्कूल में भेजा कृष्ण जन्माष्टमी का दिन स्कूल में पढ़ाई से अधिक बच्चों के लिए मनोरंजन और उल्लास भरा रहा जिसमें उन्होंने खूब मस्ती करते हुए कार्यक्रम में भागीदारी की।



आज मनेगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी, जिलेभर में जगह-जगह होंगे कार्यक्रम

श्योपुर के श्रीराधाकृष्ण मंदिर पर दिखेगा अनूठा नजारा, हिंदू सिख मिलकर मनाएंगे जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव 4 सितंबर शुक्रवार को शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी विभिन्न मंदिरों के पुजारियों, मंडलों और युवाओं ने कर ली है। खास बात यह है कि इस बार शहर श्योपुर के श्री हजारेश्वर उद्यान स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर पर जन्माष्टमी के मौके पर हिंदू सिख भाईचारे का अनूठा नजारा दिखाई देगा।क्योंकि इस मंदिर पर नामधारी सिख समुदाय के धर्म प्रेमी लोग भी जन्माष्टमी पर्व को मनाने के लिए पहुंचेगे और हिंदु समुदाय के लोगो के साथ भजन कीर्तन करेगे, इसके साथही मंदिर की साफ सफाई करते हुए हिंदू सिख भाईचारा बढाने के संदेश भी देगे।

श्योपुर में नामधारी सिख समाज के प्रमुख जगतार सिंह जौहल नामधारी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शुक्रवार को नामधारी सिख समाज के महिला पुरूष श्योपुर के श्री हजारेश्वर उद्यान स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व मनाने के लिए श्रद्धाभाव के साथ पहुंचेगे और हिंदूधर्मावलंबियो के साथ मंदिर परिसर में भजन कीर्तन करेगे।



गुरुद्वारे की तरह करेंगे मंदिर की सफाई, जोड़ाघर की व्यवस्था करेंगे

नामधारी सिख समुदाय के लोग शहर श्योपुर के श्री हजारेश्वर उद्यान स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में पहुंचकर भजन कीर्तन ही नहीं करेगे,बल्कि जिस तरह गुरूद्वारे में साफ सफाई की जाती है,उसी तरह की साफ सफाई भी पूरे मंदिर परिसर में करेगे। इसके साथही जोडा घर अर्थात जूतो को व्यवस्थत रखने की व्यवस्था भी करेगे। बता दें कि सिख समाज के लोग गुरूद्वारे में पूरे सेवाभाव के साथ सेवा करते हुए श्रद्धालुओ के जूते चप्पलो को उठाकर व्यवस्थित तरीके से जूतो के लिए निर्धारित किए स्थान पर रखते है। ताकि श्रद्धालुओ को चप्पत जूते वापस घर जाने पर व्यवस्थित तरीके से रखे मिल सके। उसी तरह का सेवा कार्य नामधारी सिख समाज के लोग श्रीराधाकृष्ण मंदिर में करते हुए नजर आएंगे। इसके जरिए नामधारी सिख समाज के लोग हिंदू सिख एकता को बढाने का संदेश तो प्रदान करेगे,साथही हिंदू समाज के लोगो को गुरूद्वारे की तरह सेवा कार्य मंदिर परिसर में किए जाने की सीख भी प्रदान करेगे।

स्कूल में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता,बच्चे बने राधा कृष्ण



सोंईकलां के अशासकीय खुशी भारती एकेडमी इंग्लिश स्कूल में गुरूवार को श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चो के द्वारा राधाकृष्ण के रूप धरे गए। साथही मटकी फोड प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मटकी फोड प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्र छात्राओ ने उत्साह के साथ भाग लिया। भगवान श्री कृष्ण और उनके ग्वाल सखा बने बच्चों के द्वारा मटकी फोडी गई। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के द्वारा भी मटकी फोड प्रतियोगिता में हिस्सेदारी की गई। प्रतियोगिता के समापन मौके पर स्कूल की प्राचार्य मीनू जैन के द्वारा मटकी फोड प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 551 रूपए, दूसरे विजेता को 351 रूपए तथा तीसरे विजेता को 251 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर विनोद मीणा, रोहित, देवेश, विशाल, निर्राज आदि स्कूल स्टाफ भी मौजूद था।

सज गए मंदिर,दर्शनों के लिए उमड़ेगी भीड

शहर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए दुल्हन की तरह सजाकर तैयार कर दिया है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर के भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर, रामजानकी मंदिर, गोविंददेव मंदिर, गोवर्धन नाथ मंदिर, अटलबिहारी मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, दाऊदी मंदिर, सतसई मंदिर सजने लगे है। इन मंदिरों में सुबह से जन्मोत्सव का उल्लास शुरू होकर रात 12 बजे चरम पर रहेगा। मंदिरों में ठाकुर जी की महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को पंजीरी और पंचामृत प्रसाद बांटा जाएगा। दर्शनों के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडेगी। मंदिरों में भजन कीर्तन सहित अन्य कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं शहर में कई स्थानों पर मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

किताबों की मांग को लेकर छात्रों का शांतिपूर्ण आंदोलन

पढ़ने को किताबें ही नहीं मिलेंगी तो विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कैसे करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब.. जब पढ़ाई करने के लिए किताबें ही उपलब्ध नहीं होंगी तो विधार्थी परीक्षा की तैयारी कैसे करेंगे। यह बात गुरुवार को छात्र नेता अभिषेक मीणा बमोरी ने खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर एमएल गर्ग को ज्ञापन सोपते हुए कही। वह उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में विधार्थियों को किताबें दिलाने के लिए किए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

छात्र नेता अभिषेक मीणा बमोरी ने बताया गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर में इंग्लिश मीडियम कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों को अब तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गई जबकि विधार्थी लगातार मांग कर रहे थे परीक्षा सिर पर आ जाने पर मजबूरी में प्रदर्शन करना पड़ा। सूचना मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी यश जेन के निर्देश पर बीईओ एमएल गर्ग ने उत्कृष्ट स्कूल पहुंचकर विधार्थियों से चर्चा की और उन्हें जल्द ही किताबें उपलब्ध करा देने का आश्वासन दिया तब जाकर विधार्थी अपनी अपनी क्लासो में पहुंचे।



चोरियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही पुलिस, केबल और मोटर हो गई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर में होने वाली चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में कोतवाली पुलिस फेल साबित हो रही है। बीती रात को शहर की गोकुलधाम कॉलोनी स्थित एक गोदाम से केबल और पानी की मोटर चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात अनिल कुमार गुप्ता पुत्र केवलचंद गुप्ता के गोदाम से हुई है। चोरी की वारदात के दौरान गोदाम से केबल और पानी की मोटर चोरी हो गई है। अनिल कुमार गुप्ता ने इस चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए एक संदेही का नाम भी पुलिस को बताया है। कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पठार मोहल्ला पिपरई निवासी अयोध्या राम पुत्र नंदराम अहिरवार उम्र 38 साल ने अपने घर के कमरे में ही अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी कर 68830 रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत विपिन पुत्र बद्रीप्रसाद सेन निवासी वार्ड क्र 10 मेला ग्राउंड शाढ़ौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी से फरियादी के फोन पे के माध्यम से 68830 रूपए निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

जिला परिवहन अधिकारी ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग



अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा बुधवार को जिला अशोकनगर के राजपुर क्षेत्र में स्कूल वाहनों के दस्तावेज चैक किये गए। चैकिंग के दौरान विधासागर स्कूल, श्रीकृष्णा स्कूल एवं माउंट लिट्रा स्कूल के वाहनों के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 05 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि रू. 34500 वसूल किया गया। उक्त चैकिंग के दौरान स्कूल/यात्री वाहनों में आवेरलोडिग/अग्निशमन यंत्र/फस्टऐड बॉक्स न होना एवं सीट बेल्ट न लगा होने पर आदि अपराधों में नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाकोनी निवासी अनिकेत केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रीत, सालिगराम और रामदयाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकर्रा निवासी राजेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक शर्मा और राजीव शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

एक माह तक सेवा संकल्प अभियान

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान संचालित गतिविधियों के संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर गतिविधियों हेतु प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम इसरार खान उपस्थित रहे।

कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे प्रदर्शनकारी, लगाया जाम

यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन रामलीला मंच से रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





यूजीसी कानूनू के विरोध में अशोकनगर में सवर्ण समाज ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया, बड़ी संख्या में भीड़ रामलीला मंच से निकाली गई रैली में शामिल हुई। हाथों में तख्तियां लेकर नारेवाजी करते हुए यह रैली शहर के मार्गों से होकर निकली। कलेक्टर कार्यालय के बाहर अर्थियां जलाई और विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों की मांग थी कि यूजीसी कानून वापिस लिया जाए, इस दौरान प्रदर्शन कारी कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। जब कलेक्टर नहीं आए तब विजयाराजे सिंधिया चैराहे पर विरोध प्रदर्शन कर सारे रास्ते बंद कर दिए गए। शाम 6 बजे आखिर कलेक्टर ने जनसुनवाई कक्ष में कुछ लोगों को बुलाया और ज्ञापन लिया। शहर के रामलीला मैदान में बुधवार को यूजीसी कानून के विरोध में सर्व समाज के लोग एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों ने शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दो अर्थियां बनाकर विरोध जताते हुए दोपहर लगभग 2 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

पढ़ा हनुमान चालीसा

कलेक्ट्रेट के बाहर लगभग एक घंटे तक प्रदर्शनकारी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए बुलाते रहे। प्रशासन द्वारा कलेक्टर के शहर से बाहर होने की बात कही गई, जिससे आक्रोशित होकर लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। जब कलेक्टर के आने की उम्मीद समाप्त हो गई, तो उग्र प्रदर्शनकारी राजमाता चैराहे पर पहुंच गए।

प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तनातनी



प्रदर्शनकारी ज्ञापन केवल कलेक्टर को ही सौंपने की जिद पर अड़े थे, जबकि कलेक्टर साकेत मालवीय का तर्क था कि यदि इस तरह दबाव में ज्ञापन लिया गया, तो अन्य वर्ग भी इसी प्रकार का रुख अपनाएंगे। बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए विभिन्न थानों और चैकियों से भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा एवं पुलिस टीम काफी देर तक समझाइश देती रही, लेकिन गतिरोध बना रहा।

आखिरकार बाहर आकर स्वीकार करना पड़ा ज्ञापन

शाम लगभग 5.50 बजे प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के अंदर दाखिल हुए। कलेक्टर मीटिंग हॉल में बैठकर ज्ञापन लेने की बात कह रहे थे, लेकिन प्रदर्शनकारी उन्हें बाहर बुलाने पर अड़े रहे। आखिरकार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय को खुद बाहर आकर ज्ञापन स्वीकार करना पड़ा। दिनभर चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद शहर में चर्चा का विषय बना रहा कि यदि प्रशासन और कलेक्टर शुरुआती समय में ही 5 मिनट निकालकर बाहर आ जाते, तो आम जनता को 5 घंटे तक चक्काजाम की भयंकर स्थिति से नहीं जूझना पड़ता। वहीं प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने शुरुआत में झूठ बोलकर उन्हें गुमराह किया, जिससे मजबूरन उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा।

4 घंटे ठप रहा ट्रैफिक राजमाता चौराहे पर लगाया ट्रैक्टर

प्रदर्शनकारियों ने राजमाता चैराहे पर ट्रैक्टर खड़े कर गुना- ईसागढ़-अशोकनगर मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया। शाम तक लगभग 4 घंटे चले इस चक्काजाम के कारण ईसागढ़ मार्ग सहित पूरे शहर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चंदेरी में ड्राइवरों ने निकाली रैली

11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



चंदेरी। राष्ट्रीय चालक दिवस के अवसर पर नगर के वाहन चालकों ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ऑल ड्राइवर्स कल्याण संगठन के आह्वान पर चंदेरी के समस्त ऑटो ड्राइवर, टैक्सी चालक और बस चालकों ने एकजुट होकर विशाल रैली निकाली और एसडीएम को गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली का शुभारंभ नगर के केंद्र पार्क से हुआ। इसके बाद सभी चालक जुलूस के रूप में निजामुद्दीन दिल्ली दरवाजा चैराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन में शामिल चालकों ने अपने अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को लेकर नारेबाजी की और शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। तहसील कार्यालय पहुंचकर चालकों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार और परिवहन विभाग से वाहन चालकों के कल्याण के लिए 11 मुख्य मांगें रखी गईं।

खास बातें

- राज्य चालक आयोग का गठन चालकों के हितों की रक्षा के लिए राज्य चालक आयोग के गठन और 1 सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग।
- वेतन व सामाजिक सुरक्षा चालकों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने के साथ-साथ बीमा, पेंशन और परिवार के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करना।
- मूलभूत सुविधाएं प्रमुख राजमार्गों और मार्गों पर चालकों के लिए विश्राम स्थल, शौचालय व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था।
- आर्थिक व कानूनी सहायता दुर्घटना की स्थिति में चालक और उसके परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता व कानूनी मदद प्रदान करना।

70वीं संभागीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, 6 जिलों की टीमों ने भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



19 आयु वर्ग की बालक और बालिका वर्ग की संभागीय हैंडबाल प्रतियोगिता की मेजवानी अशोकनगर जिला कर रहा है, इस संभागीय स्पर्धा में 8 जिलों के छात्र छात्राएं भाग लेने पहुंचे हैं। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने इसका शुभारंभ किया, इस मौके पर जिला हैंडबाल संघ के उपाध्यक्ष अशोक सेन एवं विद्यालय के प्राचार्य एंटोनि जोश के साथ महेंद्र बरैया ग्वालियर अवध नारायण खेमरिया भिण्ड, ओपी शर्मा गुना, शालिनी श्रीवास्तव रहे।

सम्मिलित 6 जिलों में ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर की बालक एवं बालिकाओ की टीमों के बीच मैच होना है, ओपनिंग सेरेमनी में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा संभाग से आई टीमों को अच्छे अनुशासन और नियमों से खेल खेलते हुये अपने जिलों को विजयी होते हुए संभागीय टीम में स्थान पाने,विजयी होने की शुभकामनायें दी। मनोज राठौर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने खेल प्रतिवाचन, जबकि वरिष्ठ सेवा निवृत प्रहलाद श्रीवास्तव पीटीआई द्वारा खेलों का मंच संचालन एवं आभार अनिल शर्मा द्वारा किया गया। शपथ वाचन शशिकांत भार्गव द्वारा हुआ, मेचों की ऑफिसिटिंग बसीम खान, महेन्द्र एवं अनुष्का रघुवंशी, मुस्ताक खान, प्रियांशु शर्मा, विनोद शर्मा द्वारा कराया गया। पहले दिन के खेलों में टूर्नामेंट का पहला मैच मुरैना विरुद्ध अशोकनगर के बीच हुआ जिसमें अशोकनगर ने 19 के मुकाबले 1 गोल से मुरैना को परास्त किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में अशोकनगर ने शिवपुरी जिले को बढ़े अंतराल 24 के मुकाबले आठ गोलों से हराया।



कीचड़ भरे रास्ते में सफर करना मुश्किल, मजबूर हैं छात्र-छात्राएं

राजपुर। बावरीखेड़ा से तूमेन हाईस्कूल 6 किलोमीटर दूरी पर कीचड़ भरें रास्ते में सफ़र करना मुश्किल हो गया है, प्रतिदिन 20 से 25 छात्र छात्राएं कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल पढ़ने के लिए आने जाने के लिए मजबूर हैं। इस कीचड़ भरें रास्ते से उनके कपड़े खराब हों जातें हैं इन छात्र छात्राएं एवं गांववासियों ने अनेक वार गांव के सरपंच कों अवगत करा दिया है लेकिन उनकी आवाज कोई नही सुन रहा है। गांव के लालाराम प्रजापति ने बताया कि कम से कम इस रास्ते में कोपड़ा, चूरी, मुरम, गिट्टी ही डाल दी जाये जिससे स्कूल आने जाने वालें छात्र छात्राएं को सुविधा मिल सके। वह पैदल न चल कर साईकिल से आना जाना हों सकें।

एसडीएम चंदेरी ने किया औचक निरीक्षण

चंदेरी नपा की मृत प्राय हो चुकी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने प्रशासन ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी नगर पालिका परिषद वैसे तो अपने नित नये कारनामों के लिए सुर्खियों में रहती है लेकिन इस बार नपा कार्यालय की मृत प्राय हो चुकी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा में है। नगर पालिका में पिछले एक माह से अधिक समय से मुख्य नगर पालिका अधिकारी ही नहीं है जिससे लगभग सभी काम ठप्प पड़ गये हैं।

बगैर सीएमओ की नपा

चंदेरी नपा सीएमओ प्रदीप शर्मा पिछले एक माह पहले से लगातार छुट्टी पर हैं व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए संयुक्त संचालक ग्वालियर ने सीएमओ का कार्यभार मुंगावली सीएमओ विनय भट्ट को सौंप दिया। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात उन्होने भी चंदेरी नपा को भगवान भरोसे छोड़ दिया और दिन प्रतिदिन व्यवस्था बद से बदतर होती चली गई। आवेदन तक लेने की व्यवस्था नही हैं। नपा कार्यालय के हालात इतने खराब हो गये कि आम जनता के आवेदन लेने के लिए भी कोई नहीं मिलता है। अन्य कार्य की तो बात ही छोड़ देना चाहिए। बुरी तरह बिगडी व्यवस्था की जानकारी जब अपने अधीनस्थ के द्वारा जिला कलेक्टर को मिली तो उसके बाद चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर ने मंगलवार सुबह अचानक नपा कार्यालय का निरीक्षण किया तो हड़कंप मच गया। बहुत से कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिनसे जबाब तलब किया जा रहा है और कार्यवाही हेतु जिलाधीश कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। एसडीएम सुबह 10.30 बजे निरीक्षण के लिए पहुंचे थे,कईं शाखाओं में ताले लटके मिले, इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच पड़ताल भी की जिसमें भारी गड़बड़ियां सामने आई हैं। स्वच्छता सामग्री का रजिस्टर स्टोर रूम में भी नहीं मिला, स्टोर रूम की जांच में भी कईं गडबड़ियां पाई गई हैं। सफाई रजिस्टर भी एसडीएम को नहीं मिला इस तरह की अनेक अनियमित्ताएं पाई गईं।




शराब ठेकेदार की मनमानी के आरोप, जिम्मेदार बने बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

क्षेत्र में शराब दुकानों के संचालन को लेकर लगातार गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि निर्धारित दरों की जानकारी देने वाली रेट लिस्ट या बैनर दुकानों पर प्रदर्शित नहीं किए जा रहे, जिसके चलते ग्राहकों से शराब की बोतलों पर अंकित कीमत से अधिक राशि वसूलने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

शिकायत के अनुसार एक पाव शराब की प्रिंटेड कीमत 158 रुपये होने के बावजूद कथित तौर पर 190 रुपये में बिक्री की जा रही है। यदि यह आरोप सही है तो ग्राहकों से निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने का मामला गंभीर है और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। वहीं रूपनगर और बहेरिया नंबर-2 क्षेत्र में शराब दुकानों के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों के अलावा विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कमीशन के आधार पर शराब का



कथित रूप से खुलेआम कारोबार चल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ईसागढ़ क्षेत्र में बस स्टैंड, चुंगी नाका, बहेरिया चैराहा सहित अन्य स्थानों पर शराब बिक्री को लेकर नियमों के पालन की जांच आवश्यक है। साथ ही ढाकोनी, पारसोल और कदवाया क्षेत्र में स्वीकृत लाइसेंस एवं वास्तविक बिक्री केंद्रों की भी आबकारी विभाग द्वारा जांच किए जाने की मांग उठ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शराब बिक्री के लिए निर्धारित दरें हैं तो दुकानों पर रेट लिस्ट क्यों नहीं लगाई जा रही? यदि किसी दुकान का लाइसेंस नहीं है तो वहां शराब की बिक्री कैसे हो रही है? और यदि अवैध बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई? स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि ईसागढ़ क्षेत्र की सभी शराब दुकानों और संदिग्ध बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाए, लाइसेंस की जांच की जाए, एमआरपी एवं बिक्री मूल्य का मिलान कराया जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए।

सूबेदार आईना बनीं रक्षित निरीक्षक एसपी ने स्टार लगाकर किया पदोन्नत

अशोकनगर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सूबेदार/कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक से रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नति की सूची जारी की गई है। इसमें अशोकनगर में पदस्थ सूबेदार आईना साहिबा को रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। पदोन्नत होने पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने स्टार लगाकर पदोन्नत किया।



पदोन्नति की खबर से पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। साथी पुलिसकर्मियों और परिजनों ने आईना साहिबा को पदोन्नत होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मान्यता: साधुओं ने जब बांके बिहारी को आगे ले जाना चाहा तो एक इंच भी नहीं हिले प्रभु, तभी से कहलाए 'अटल बिहारी'

350 साल पुराने श्री अटल बिहारी मंदिर में गूंजेंगी बुंदेली बधाइयां

राघवेन्द्र दुबे ⏭ सागर

जन्माष्टमी विशेष

सागर के बड़ा बाजार की संकरी-संकरी गलियों से गुजरते हुए जब श्रद्धालु आगे बढ़ते हैं तो उन्हें लगता है जैसे वे किसी दूसरे ही लोक में प्रवेश कर गए हों। गलियों के बीच जगह-जगह विराजमान भगवान श्रीराधा-कृष्ण के प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर इस पूरे क्षेत्र को एक अलग आध्यात्मिक पहचान देते हैं। यही वजह है कि बड़ा बाजार को 'मिनी वृंदावन' और 'गुप्त वृंदावन' के नाम से भी जाना जाता है। यहां कृष्ण भक्ति केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों की हवा और श्रद्धालुओं की आस्था में भी महसूस होती है।

इसी गुप्त वृंदावन में करीब 350 वर्ष पुराना श्री देव



अटल बिहारी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां भगवान बांके बिहारी की स्थापना किसी ने नहीं की, बल्कि वे स्वयं चलकर यहां आए और फिर भक्तों की प्रार्थना पर यहीं के होकर रह गए। मंदिर में भगवान के दर्शन करते ही श्रद्धालुओं को वृंदावन जैसी अनुभूति होती है। श्रीराधा-कृष्ण की मनमोहक छवि और मंदिर का आध्यात्मिक वातावरण भक्तों को अपनी ओर खींचता है।

जब भगवान ने कहा: अब यहीं रहूंगा

मंदिर से जुड़ी मान्यता बेहद भावुक और अद्भुत है। मंदिर के पुजारी अमित चांचौदिया के मुताबिक, पुराने समय में साधुओं की टोलियां पैदल तीर्थ यात्रा करती थीं। ऐसी ही एक साधु टोली अपने साथ बांके बिहारी जी को डोली में लेकर तीर्थ यात्रा पर निकली थी। यात्रा के दौरान जब सागर में उनका पड़ाव हुआ तो रात होने के कारण साधुओं ने यहीं विश्राम करने का निर्णय लिया। उन्होंने बांके बिहारी जी को भी डोली से उतारकर विश्राम के लिए विराजमान कर दिया। सुबह साधुओं ने स्नान, ध्यान और पूजन किया। इसके बाद जब यात्रा आगे बढ़ाने का समय आया तो उन्होंने भगवान बांके बिहारी को उठाने का प्रयास किया, लेकिन प्रभु अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हिले। साधुओं ने काफी प्रयास किया, लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। आखिरकार साधुओं ने इसे भगवान की इच्छा माना और उन्हें वहीं विराजमान कर दिया। भक्तों की आस्था में यही वह क्षण था, जब बांके बिहारी 'अटल बिहारी' हो गए। मान्यता है कि भगवान ने जैसे स्वयं संकेत दिया हो कि अब यही मेरा धाम है और मैं यहीं रहूंगा।

जन्माष्टमी पर दो दिन गूंजेगी कृष्ण भक्ति

श्री देव अटल बिहारी मंदिर में इस बार भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। दो दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम में बुंदेली बधाई और नृत्य उत्सव विशेष आकर्षण रहेगा। जन्म के उल्लास में जब बुंदेली लोक परंपरा के रंग घुलेंगे तो पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठेगा। जन्माष्टमी के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। आधी रात भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ मंदिर में घंटियों, शंख और जयकारों की गूंज सुनाई देती है। भक्तों के लिए यह केवल जन्मोत्सव नहीं, बल्कि उस भगवान से मिलने का अवसर है, जिसके बारे में मान्यता है कि उन्होंने स्वयं सागर की इस धरती को अपना ठिकाना चुना था।

एक बार दर्शन और मन हो जाता है बिहारी जी का...

बड़ा बाजार के इस प्राचीन मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यही आस्था है। भक्तों का मानना है कि एक बार बांके बिहारी के दर्शन हो जाएं तो मन बार-बार यहीं खिंचा चला आता है। मंदिर में प्रवेश करते ही वृंदावन की अनुभूति होने लगती है और राधा-कृष्ण की अनुपम छवि मन को मोह लेती है। शायद यही कारण है कि सागर के इस छोटे से मंदिर में केवल भगवान विराजमान नहीं हैं, बल्कि उनके साथ सदियों पुरानी एक ऐसी आस्था भी विराजमान है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी भक्तों को जोड़ती चली आ रही है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु यही महसूस करता है कि यहां भगवान को बुलाया नहीं गया था, वे खुद आए थे... और जब आए तो फिर कभी गए नहीं।

न्यायालय विशेष विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर, जिला-धमतरी (छ.ग.)

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (स्मृति पत्र)
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विशेष विवाह के पक्षकार सौरव राजपूत पिता स्व. महेन्द्र सिंह राजपूत, उम्र 30 वर्ष, निवासी 17 त्रिमूर्ति नगर मेला मैदान के पीछे ग्वालियर थाना थाटीपुर ग्वालियर तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) एवं आवेदिका मल्लिका भारद्वाज पिता सुनील भारद्वाज, उम्र 31 वर्ष, निवासी रत्नाबांधा रोड सीनेट सिटी धमतरी थांना सिटी कोतवाली धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 अध्याय-दो के अधीन विशेष विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु दिनांक 11.08.2026 तक समय प्रदाय किया गया था किन्तु तहसीलदार ग्वालियर एवं थाना प्रभारी थाना थाटीपुर ग्वालियर जिला ग्वालियर से आशयित विवाह के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ, जिसके कारण आवेदकगण के अधिवक्ता द्वारा पुनः इश्तहार भेजे जाने का निवेदन किया गया है। अतः कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में आगामी पेशी दिनांक 16/09/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

आगामी पेशी दिनांक - 16/09/2026

विशेष विवाह अधिकारी
एवं अपर कलेक्टर
जिला-धमतरी (छ.ग.)